राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 28 मार्च। केन्द्र की भाजपा सरकार ने 137 दिनों तक पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दाम स्थित रखने के पश्चात् नागरिकों को लूटो अपना खजाना भरो की नीति पर काम करते हुए देश में पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी कर जनता की कमर तोड़ने का कार्य किया है। देश में बढ़ती महँगाई तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में हो रही बेतहाशा बढ़ोत्तरी के विरूद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में तीन चरणों में **महँगाई मुक्त भारत अभियान** चलाया जाएगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार दिनांक 31 मार्च, 2022 को प्रातः 11.00 बजे सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता अपने-अपने ब्लॉकों में घरों के बाहर अथवा सार्वजनिक स्थानों पर गैस सिलेण्डर, स्कूटर, मोटरसाईकिल अथवा पेट्रोल-डीजल के खाली कनस्तर पर फूल मालाएं चढ़ाकर बढ़ती महँगाई का विरोध कर जनता की पीड़ा को केन्द्र सरकार तक पहुँचाएंगे। चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 02 से 04 अप्रेल, 2022 के मध्य प्रातः 11.00 बजे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटी अथवा निवर्तमान जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा महँगाई मुक्त भारत धरना एवं जूलूस आयोजित कर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

दिनांक 07 अप्रेल, 2022 को प्रातः 11.00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में राजधानी जयपुर में प्रदेश स्तरीय महँगाई मुक्त भारत धरना एवं जूलूस आयोजित कर बढ़ती महँगाई एवं पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि का विरोध कर भाजपा की केन्द्र सरकार को नींद से जगाने का कार्य किया जाएगा। इस प्रदर्शन में प्रदेश के सभी अग्रिम संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ, मजदूर संघों, विभिन्न सामाजिक संगठन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन भाग लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 28 मार्च। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हरिदेव जोशी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 11 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, प्रदेश कांग्रेस सचिव मुख्यालय श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्री पवन गोदारा, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री गोपाल नावरिया, श्री कजोड़मल सैनी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री राजेश पाण्डे, श्री सुनील आमेरिया, श्री श्रवण खींची, श्री धनसिंह नरूका, श्री रामकरण कुमावत, श्री लादूराम बैरवा, श्रीमती शान्ता पाराशर, श्री नरेश चौधरी, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री दीपक धीर, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्री लक्ष्मण सिंह, श्री शरीफ खान, श्री राजेश अत्री एवं श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. जोशी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter